माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पंत्राक : ९०२ / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 03/12/23

अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषयः– महाविद्यालय में तीन वर्ष या उससे अधिक अवधि से कार्यरत स्थायी शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः 878 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24, दिनांक : 25.11.2023 एवं पत्र संख्याः 885 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24, दिनांक : 29.11.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु तीन वर्ष या उससे अधिक अवधि से कार्यरत स्थायी शिक्षकों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर महाविद्यालय के पोर्टल पर दिनांक : 02.12.2023 तक अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गई थी, किन्तु मात्र तीन अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सूचना अपलोड की गई है, जो उचित नहीं है। इससे विश्वविद्यालय की प्रयोगात्मक / मौखिक परिक्षा सम्पन्न कराने जाने में बाधा उत्पन्न हो रही है। माननीय कुलपति जी द्वारा इस स्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है जिन राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा उक्त सूचना निर्धारित प्रारूप पर अपने पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है वे तत्काल वांछित सूचना अपलोड कर दें।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऐसे राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय, जिन्होंने अपने महाविद्यालय के पोर्टल पर उक्त वांछित सूचना अपलोड नहीं की है वे प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय द्वारा वांछित सूचना दिनांक 04.12.2023 तक अपने महाविद्यालय के पोर्टल पर अवश्य अपलोड करा दें, अन्यथा की दशा में उनके महाविद्यालय के शिक्षकों को प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में नामित किया जाना सम्भव नहीं होगा। इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

प्रारूप

Government College ☐ Aided College ☐

S.N.	Teacher's Name	College Code & Name	Subject	Specialization	UG/PG	Date of Joining	Experience Year	Email ID	Mobile Number Whatsapp Number

भवदीय,

03.XII.23

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. वित्त अधिकारी।
4. उपकुलसचिव।
5. अधिकृत एजेन्सी।
6. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
7. प्रभारी परीक्षा विभाग।

03.XII.23

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक